



दैनिक
# दिव्य जनजागृति समाचार

PRGI No. RJHIN/25/A0639

Email: divyajanjagrtisamachar@gmail.com

प्रभात संस्करण

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र...

वर्षः 01 अंकः 189 | जयपुर, गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025 | पृष्ठः 4 मूल्यः2 रुपए


# राजस्थान से होगा ग्रीन-एनर्जी का सूर्य उदयः खट्टर

## दुबई-यूएई तक 40 हजार करोड़ की अंडर-सी केबल, भारत पावर एक्सपोर्टर बनने की दिशा में





**जयपुर।** जयपुर में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- आने वाले समय में ग्रीन एनर्जी का सबसे बड़ा केंद्र राजस्थान बनने जा रहा है। उन्होंने कहा- दुबई और यूएई को बिजली देने के लिए 1600 किलोमीटर की अंडर-सी केबल बिछाने का काम शुरू हो चुका है। इस पर करीब 40 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस लाइन के जरिए इन दोनों देशों को भी भारत बिजली भेज सकेगा। उन्होंने कहा- जिस समय भारत में सूर्योदय होगा, उसी समय राजस्थान की सौर ऊर्जा से बिजली पश्चिमी देशों में सप्लाई होने लगेगी। जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में बुधवार को आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यह कहा। उन्होंने कहा- भारत में सूरज जल्दी निकलता है, जबकि पश्चिम के देशों में देर से उगता है। यही वजह है कि भारत में सुबह मिलने वाली सौर ऊर्जा को उन देशों तक पहुंचाने की योजना तैयार की जा रही है।

### देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में ऊर्जा सेक्टर की सबसे बड़ी भूमिका

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- भौगोलिक तौर पर भले ही देश में सूर्यास्त राजस्थान में होता है, लेकिन भविष्य में ग्रीन एनर्जी का सूरज इसी धरती से निकलेगा। खट्टर ने कहा- राज्य की जमीन, मौसम और सोलर क्षमता इतनी बड़ी है कि यहां बनने वाली ऊर्जा पूरे देश को मजबूत करने के साथ दुनिया तक भेजने की तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी है। राजस्थान की तपती रेत आज राज्य की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। सूर्य की तेज रोशनी और गर्मी को ग्रीन एनर्जी में बदलकर देश और दुनिया का बड़ा पावर सेंटर बनने की दिशा में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### 'सूर्य से सूर्य तक' का एनर्जी चक्र तैयार कर रहा भारत

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- भारत हवा, पानी, सूर्य और न्यूक्लियर हर सोर्स से बिजली बनाने की दिशा में काम कर रहा है और देश सूर्य से सूर्य तक का एनर्जी चक्र तैयार कर रहा है। दुनिया में पॉल्यूशन रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन कम करने का टारगेट तय किया गया था। भारत ने 2005 के स्तर के मुकाबले 2030 तक 45% कार्बन कटौती और 50% रिन्युएबल एनर्जी हासिल करने का लक्ष्य सेट किया था। भारत इन दोनों टारगेट्स को 2025 में ही पूरा कर चुका है। यह बताता है कि देश ऊर्जा क्षेत्र में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### भारत पावर डेफिसिट से पावर सरप्लस हुआ, अब एक्सपोर्ट की स्थिति में

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- 2014 में भारत में 5% पावर डेफिसिट रहता था, जिसके कारण कई जगह पावर कट लगाने पड़ते थे। लेकिन 10 साल में देश पावर सरप्लस की स्थिति में पहुंच गया है। अब भारत बिजली एक्सपोर्ट करने लगा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल देश ने 250 गीगावॉट की पीक डिमांड पूरी की थी। इस साल अनुमान था कि मांग 267 गीगावॉट तक जा सकती है, लेकिन मौसम अनुकूल होने से यह 248 गीगावॉट पर ही रुकी। खट्टर ने कहा कि ग्रीन एनर्जी में 2030 तक 500 गीगावॉट का टारगेट सेट किया गया है। भारत अभी ग्रीन और अन्य रिन्युएबल एनर्जी को मिलाकर 505 गीगावॉट क्षमता तक पहुंच चुका है।

### राजस्थान का सोलर-विंड पोटेंशियल देश में सबसे बड़ा

खट्टर ने कहा कि राजस्थान के पास 141 गीगावॉट सोलर और 283 गीगावॉट विंड का पोटेंशियल है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी चुनौती ट्रांसमिशन नेटवर्क की है, क्योंकि बड़ी क्षमता होने के बाद भी बिजली को देश के अन्य हिस्सों तक भेजना मुश्किल होता है। इसी वजह से केंद्र सरकार ने नई ट्रांसमिशन लाइंस का काम तेज किया है। मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड वाले मामले की फाइनल सुनवाई हो चुकी है और कुछ शर्तों के साथ ट्रांसमिशन लाइंस के लिए समाधान मिल जाएगा। राजस्थान में 71,443 एमवीए ट्रांसमिशन कैपेसिटी और 21,479 सर्किट किलोमीटर लाइंस पर काम चल रहा है, जिसकी कुल लागत 45,990 करोड़ रुपए है।

### एनर्जी का सुपर हाईवे राजस्थान से ही निकलेगा

मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का 115 गीगावॉट का केंद्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क सिर्फ राजस्थान में तैयार किया जा रहा है। यह सीधा संकेत है कि आने वाले दशक में भारत का एनर्जी सुपर हाईवे इसी राज्य से निकलेगा। उन्होंने कहा कि सोलर की सबसे बड़ी कमी है कि इसका समय सीमित होता है। इसलिए देशभर में बड़े स्टोरेज प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। दुनिया का सबसे बड़ा 1680 मेगावॉट पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट हैदराबाद के पास शुरू हो चुका है।

### स्मार्ट मीटर, आरडीएसएस और लॉस कम करने पर जोर

मंत्री ने बताया कि ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए देशभर में आरडीएसएस पर काम किया गया। कभी 28% तक लॉस रहता था, जो अब 16% पर आ गया है। देश में 4.7 करोड़ स्मार्ट मीटर इंस्टॉल हो चुके हैं, जिनमें से 1.90 करोड़ प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटर की सबसे पहले शुरुआत सरकारी विभागों से की जाएगी ताकि लोगों में भरोसा बने और इसके फायदे सीधे जनता तक पहुंच सकें। लक्ष्य यह है कि देश के हर नागरिक को 24 घंटे बिजली सप्लाई मिल सके।


## राज्यवर्द्धन बोले-जिनको कुर्सियों की आदत,वो खाली कुर्सी दूंढते है

### जोगाराम ने कहा-पूरा हॉल खचाखच भरा था, डोटासरा ने कहा था-खाली मंच, खाली कुर्सियां

जयपुर। प्रवासी राजस्थानी दिवस के उद्घाटन समारोह में खाली कुर्सियों पर सियासत गरमा गई है। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट करके कहा- भाजपा सरकार का असली चेहरा यही है, खाली दावे, खाली मंच, खाली कुर्सियां और खाली खोखली उपलब्धियां। इस पर पलटवार करते हुए उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- जिनको केवल कुर्सियों की चिंता होती है, वे खाली कुर्सियां ढूंढते रहते हैं। हम तो उद्योग देख रहे हैं और कितना निवेश हो रहा है, उसे गिन रहे हैं। जो खाली कुर्सियां गिन रहे हैं, उन्हें संदेश दे देते हैं। कुर्सियां भरना नहीं, हम राजस्थान के अंदर आ रहे कारोबारियों और युवाओं में विश्वास भर रहे हैं।

#### पूरा हॉल खचाखच भरा था-जोगाराम

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आज के कार्यक्रम में पूरा हॉल खचाखच भरा था। कोई कुर्सी खाली नहीं थी। लेकिन पता नहीं कहाँ से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने खाली कुर्सियों की फोटो बनाकर प्रवासी राजस्थानी दिवस की आलोचना की, जो बहुत निंदनीय है। उन्होंने कहा



कि विकास और विरासत को समेटकर सफल प्रवासी राजस्थान दिवस आयोजित किया गया। इसके विपरीत, विपक्ष के नेता खाली कुर्सियों की फर्जी फोटो लगा रहे हैं। विपक्ष के आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। पटेल ने कहा कि अपेक्षा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानी भाई इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। इस तरह के आयोजन पर राजनीतिक बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

#### डोटासरा ने कहा था - खाली मंच, खाली कुर्सियां

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रवासी राजस्थानी दिवस को लेकर सोशल मीडिया पर एक्स पर पोस्ट किया था। डोटासरा ने लिखा था- राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार जमीन पर 3 लाख करोड़ का काम भी शुरू नहीं करा सकी। जो सरकार 2 साल में एक भी जनकल्याण की नीति नहीं बना पाई, वो एक दिन में 10 नई नीतियां और ग्लोबल इकोनॉमी हब का फरेबी सपना बेच रही है। 150 करोड़ के खेलो इंडिया गेम्स के बाद करोड़ों की इवेंट बाजी में डूबा प्रवासी राजस्थान समारोह भी फ्लॉप शो साबित हुआ। जहां निवेशकों के नाम पर केवल मंत्री, सांसद, अफसर और कर्मचारियों की भीड़ दिखाकर भी खाली कुर्सियां नहीं भर पाईं। भाजपा सरकार का असली चेहरा यही है, खाली दावे, खाली मंच, खाली कुर्सियां और खोखली उपलब्धियां।

## जयपुर, जोधपुर, अलवर सहित 19 सीएमएचओ को नोटिस

### दवाईयों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखने में लापरवाही, हेल्थ डिपार्टमेंट ने 3 दिन में मांगा जवाब



**जयपुर।** राजस्थान में मेडिकल सेक्टर को डिजिटल रूप से अपग्रेड करने के लिए सरकार ने इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया है। इस सिस्टम को लागू करने में कई जिलों में लापरवाही बरती जा रही है। इसे देखते हुए नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) निदेशक ने राज्य के 19 जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी सीएमएचओ से 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। यह नोटिस मॉड्यूल को निर्धारित समय सीमा में एक्टिव नहीं करने के कारण जारी किया है। इसमें जयपुर के अलावा जोधपुर, अलवर समेत अन्य जिलों के सीएमएचओ शामिल हैं।

#### 13 नवंबर तक करना था जिला अस्पताल-सीएचसी में लागू

विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार 13 नवंबर तक सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह डिजिटल मॉड्यूल एक्टिव करके फंक्शनल करना था। इसे लेकर जब पिछले दिनों स्टेट लेवल पर बैठक हुई तो सामने आया कि 19 जिलों की कई सीएचसी, डिस्ट्रिक हॉस्पिटल में ये सिस्टम पूरी तरह शुरू ही नहीं करवाया गया। इसे देखते हुए सीएमएचओ के निदेशक ने जयपुर में दोनों सीएमएचओ के अलावा दौसा, भरतपुर, चूरू, जोधपुर, अलवर, सीकर, बारां, उदयपुर, खैरथल-तिजारा, डीग, डूंगरपुर, बाड़मेर, सिरोही, कोटपूतली-बहरोड़, डीडवाना-कुचामन, चित्तौड़गढ़ और झुंझुनूं जिलों के सीएमएचओ को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

## 21 जिला प्रमुखों की जगह कलेक्टरों ने संभाली कमान

### 222 प्रधानों का चार्ज एसडीएम को; चुनाव होने तक विकास योजनाओं और बजट पर अफसर करेंगे फैसला

**जयपुर।** प्रदेश की 222 पंचायत समितियों के प्रधानों और 21 जिला प्रमुखों का कार्यकाल 9 दिसंबर को खत्म होने के बाद आज से प्रशासक लगा दिए गए हैं। अब पंचायत चुनाव के बाद जिला परिषद और पंचायत समिति बोर्ड की पहली बैठक होने तक जिला प्रमुख का चार्ज कलेक्टर और प्रधान का चार्ज एसडीएम के पास रहेगा। वहीं जिला प्रमुखों,प्रधानों के साथ पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद सदस्यों का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। ऐसे में चुनाव होने तक विकास योजनाओं और बजट पर फैसला कलेक्टर व एसडीएम करेंगे। पंचायत चुनाव अगले साल के बीच में होने के आसार हैं।

#### इन 21 जिला परिषदों में कलेक्टरों ने संभाली कमान

जैसलमेर, उदयपुर, बाड़मेर, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा, राजसमंद, नागौर, बांसवाड़ा, बीकानेर,



बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं, प्रतापगढ़, सीकर, टोंक शामिल है।

#### सरकार ने दो दिन पहले किया था फैसला

पंचायतीराज विभाग ने दो दिन पहले ही कार्यकाल खत्म होने वाली पंचायत समितियों में एसडीएम और जिला परिषदों में कलेक्टर को प्रशासक लगाने का फैसला किया था।

#### सरपंचों की तर्ज पर प्रधान कर रहे थे कार्यकाल बढ़ाने की मांग

सरपंचों की तर्ज पर प्रधान भी कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर प्रधानों ने पंचायतीराज मंत्री से लेकर कई स्तर पर बात की थी। मुख्यमंत्री तक भी मांग पहुंचाई गई थी लेकिन सरकार ने प्रधानों की मांग नहीं मानी। पहले अपनाई जाती रही व्यवस्था के अनुसार पंचायत समितियों में एसडीएम को प्रशासक लगाने का फैसला किया गया।

#### पंचायतों में सरपंचों को ही प्रशासक लगाकर बढ़ाया गया था कार्यकाल

प्रदेश की ज्यादातर पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी चुनाव समय पर नहीं हुए। सरकार ने मौजूदा सरपंचों को ही प्रशासक बनाकर कार्यकाल बढ़ा दिया। सरपंचों और वार्ड पंचों की एक कमेटी बनाकर चुनाव होने तक उसे ही प्रशासक के पावर दे दिए। अब तक ग्राम सचिव प्रशासक लगते रहे हैं। इस बार सरकार ने नया पैटर्न अपनाया लेकिन जिला परिषदों और पंचायत समितियों में अफसरों को ही जिम्मेदारी दी गई।

## टाइगर फेस्टिवल का राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे उद्घाटन

### जेकेके में 11 से सजेगी बाघों की दुनिया, प्रदर्शनी-टॉक सेशन सहित कई गतिविधियां होंगी

जयपुर। वन्यजीव संरक्षण की प्रदेशव्यापी मुहिम के रूप में पहचान बना चुका जयपुर टाइगर फेस्टिवल कला, साहित्य और संस्कृति के रंगों के साथ आयोजित होने जा रहा है।

वन्यजीव संरक्षण की प्रदेशव्यापी मुहिम के रूप में पहचान बना चुका जयपुर टाइगर फेस्टिवल कला, साहित्य और संस्कृति के रंगों के साथ आयोजित होने जा रहा है। राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में 11 से 14 दिसंबर तक शिल्पग्राम में फेस्टिवल होगा। 11 दिसंबर को शाम 4 बजे राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे, उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा बतौर विशिष्ट अतिथि हिस्सा लेंगे। चार दिवसीय 7वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल में सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक फोटो-स्केच प्रदर्शनी, वर्चुअल शो, स्टोरी टेलिंग, पंचतंत्र कथाएं, साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ओपन स्टेज सहित कई विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। फेस्टिवल में न केवल कला, संगीत और लोक परंपरा का खूबसूरत संगम होगा, बल्कि बाघ संरक्षण, एथिकल सफारी, प्रकृति-प्रेम और जिम्मेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित विशेष चर्चाएं भी होंगी।

## भाजपा के हरियाणा प्रदेश प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूनियां राजावत से मिलने उनके आवास पहुँचे



● दिव्य जनजागृति समाचार

**कोटा।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा के प्रदेश प्रभारी सतीश पूनियां आज पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत से मिलने उनके निजी आवास पर पहुंचे। पूनियां आज एक निजी कार्यक्रम मे कोटा पधारें हैं राजावत के निवास पर आने से पहले उन्होनें सर्किट हाउस मे बीजेपी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की इसके पश्चात् वह पूर्व मंत्री भरतसिंह कुन्दनपुर और पूर्व विधायक विजय सिंह पलायथा के निवास पर जाकर मरणोपरान्त उन्हें श्रद्धांजली दी। पूनियां ने बताया कि पहले तो विधानसभा में हमारी मुलाकात हो जाती थी परन्तु काफी समय से मुलाकात नहीं होने के कारण मैं स्वंय राजावत से मिलने पहुंचा हूं हम दोनों के सम्बन्ध काफी बरसों पुराने रहे हैं इस कारण कोटा आने पर मैं राजावत से मिलने आया हूं। पूनियां के साथ पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल भी साथ रही।

## निशुल्क हाडौती गौरव सम्मान के आमंत्रण पत्रों का विमोचन



● दिव्य जनजागृति समाचार

**कोटा।** न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे निशुल्क अष्टम हाडोती गौरव सम्मान के आमंत्रण पत्रों का विमोचन बुधवार को प्रथम पूज्य गणपति, राम दरबार एवं श्रीनाथजी के पूजन वंदन के साथ कोटा विकास प्राधिकरण के राजस्व सलाहकार परमानंद गोयल के आतिथ्य में किया गया। संभागीय संयोजक लोकेश शर्मा एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रतीक गोयल ने बताया कि वर्ष 2018 से प्रारंभ किए गए हाडोती गौरव सम्मान वर्ष 2026 में अष्टम हाडोती गौरव सम्मान है। हाडोती का नाम रोशन करने वाले समाजसेवी शिक्षाविद् चिकित्सक,अधिकारी, कर्मचारी खेल, कृषि एवं अन्य क्षेत्र मैं उल्लेखनीय स्थान हासिल करने वाली प्रतिभाओं का 5 जनवरी 2026 को अग्रवाल सेवा सदन विज्ञान नगर कोटा पर सम्मान किया जाएगा। इसके लिए आमंत्रण पत्रों का विमोचन इंदिरा विहार में समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर कोटा विकास प्राधिकरण के राजस्व सलाहकार परमानंद गोयल, केके शर्मा कमल कार्यक्रम संयोजक, संभागीय संयोजक लोकेश शर्मा, महिला संयोजिका प्रतीक्षा पारीक, पंकज बागड़ी, संजय शर्मा, समिति के सचिव पुष्पकातं शर्मा,नरेश शर्मा समेत आयोजन समिति से जुड़े सदस्य गण उपस्थित रहे।

## हर इंसान को समान अधिकार और स्वतंत्रता मिलनी चाहिए - कुड़ी



● दिव्य जनजागृति समाचार

**मनोहरपूर। जाफर लोहानी।** मशहूर,काबिल, दयालु और भामाशाह मोहन कुडी ने कहा कि विश्व मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है, जिस दिन 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह दिन दुनिया भर में मानवाधिकारों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सभी के लिए समानता, स्वतंत्रता, और गरिमा के मूल सिद्धांतों को बढ़ावा देने का अवसर है। कुडी साहब ने पिछले साल की थीम पर बोलते हुए कहा कि असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना जो मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के महत्व पर प्रकाश डालती है और सभी देशों और लोगों को इन अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करती है। कुडी ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर इंसान को समान अधिकार और स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, चाहे उनकी जाति, धर्म, लिंग, या स्थिति कुछ भी हो। यह मानवाधिकारों की रक्षा और सम्मान के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। कुडी ने कहा कि दुनिया भर में इस दिन को मानवाधिकार प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, और जागरूकता अभियानों के माध्यम से मनाया जाता है। सरकारें, गैर-सरकारी संगठन, और आम लोग मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने और उनके संरक्षण के लिए कार्य करते हैं।

## पठान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं मे जोश भर रहे हैः कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाऊँगा -पठान



● दिव्य जनजागृति समाचार

**मनोहरपूर। जाफर लोहानी।** आँधी के रहने वाले काँग्रेसी नेता नदीम खान पठान कांग्रेस की नीति और रीति को बताकर लोगों को कॉंग्रेस से जोड़ रहे है और मेहनत कर राहुल गांधी के संगठन सुदृढ़ीकरण के प्रयासों को सफल बनाने तथा कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे है। पठान ने 14 दिसम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ व SIR को लेकर महारैली में अधिक से अधिक में पहूचने का आवाहन किया हैं। पठान ने कहा कि संगठन सर्जन में राष्ट्रीय अध्यक्ष खडगे व राहुल गांधी ने युवाओं को अधिक महत्व देते हुए संगठन कि कमान युवाओं को सौंपी है। पठान ने कहा की वर्तमान केन्द्र सरकार ने धर्म कि राजनीति कर केवल छलावा किया विकास कुछ नही किया हमारे राष्ट्रीय नेता देश के विकास व विकसित करने की बात करते। पठान कहा कि मुझे राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो जबाबदारी दी मैं उसे कर्मठ निष्ठा पुर्वक निभाउंगा मैं हर जमीनी कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन में जान डालने का प्रयास करूँगा यह कहकर कांग्रेसजनो मे जोश भर दिया।

# राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने किया आत्मनिर्भर भारत के अभियान हेतु संकल्पित 'वूमेनिया प्रदर्शनी' के पोस्टर का विमोचन

● दिव्य जनजागृति समाचार




**कोटा/हरिमोहन मेहरा।** देश भर के विशिष्ट उत्पादों से सजेगा 13-14 दिसम्बर को वूमेनिया - लाइफ़स्टाइल एक्जीबिशन आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते क़दम सशक्त नारी-समृद्ध देश कोटा में विभिन्न प्रान्तों के विशिष्ट उत्पाद एक एक्जीबिशन में। भारतीय महिलाएं घरों में खाली बैठने के बजाय कुछ न कुछ बनाती रहती हैं । ऐसी महिलाओं को उद्यमिता की ओर अग्रसित करके एवं पहले से मौजूद महिला उद्यमियों की अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टी से कैट वीमेन विंग व श्री धाकड़ महासभा महिला ईकाई,कोटा महानगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वूमेनिया - लाइफ़स्टाइल एक्जीबिशन की पहल महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत करने में सहायक होगी।यह उद्धगार वूमेनिया लाइफ़स्टाइल एक्जीबिशन के पोस्टर का सर्किट हाऊस स्थित सभागार में विमोचन करते हुये माननीय डॉ सतीश पूनिया जी ने कहे।झालावाड़ रोड स्थित माहेश्वरी भवन में दो दिवसीय आगामी 13-14 दिसम्बर को आयोजित वूमेनिया - लाइफ़स्टाइल एक्जीबिशन मे एक ही छत के नीचे भारत के विभिन्न प्रांतों के उत्पाद मिलने से शहरवासियों को शॉपिंग की सुविधा मिलेगी। यहां लोग परिवार सहित खरीदारी के साथ फ़ूड कॉर्ट का आनंद ले सकेंगे। एक्जीबिशन में एक ही छत के नीचे हर तरह के उत्पादों की स्टॉल्स है।

फूड जोन में लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे।केट वीमेन विंग व श्री धाकड़ महासभा महिला ईकाई कोटा महानगर द्वारा महिलाओं के उत्थान के साथ-साथ उनकी आवश्यकताओं व सहयोग के लिये भी समर्पित रूप से कार्य कर रहा है।पोस्टर विमोचन के अवसर टीम की नीलम विजय तृप्ति नागर, भाविका प्रीत रमानी ,चंचल नगर,प्राची शर्मा, एडवोकेट तनीषा बादल , मिलन सुवालका, आकांक्षा गुप्ता, वंदना नागर, कल्पना नागर, सरोज नागर, रीना विजय, नंदिनी विजय भावना नागर और सुनीता नागर उपस्थित रहीं।

# त्याग, तपस्या और बलिदान की महान प्रेरणा है वन्देमातरम - अरविन्द सिसोदिया

## " वन्दे मातरम् " भारत की प्राण-शक्ति है, यह सदैव सर्वोच्च रहेगी :अरविन्द सिसोदिया

● दिव्य जनजागृति समाचार

**कोटा।** राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्यासी अरविन्द सिसोदिया ने कहा कि वन्दे मातरम् भारत की अमर प्राणशक्ति है। इसकी सर्वोच्चता को कभी कोई डिगा नहीं सकता । यह हमारी मातृभूमि की अमरता और अखंडता की दिव्य आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी को अनंत धन्यवाद है, जिन्होंने स्वतंत्रता, स्वाभिमान और राष्ट्रभावना के इस महामंत्र के अद्वितीय शौर्य से, भारत की नई पीढ़ी को, भारत के जन जन को परिचित करवाया। संसद में हुई बहसों से लेकर सार्वजनिक आयोजनों तक, 'वन्दे मातरम्' की अलौकिक शक्ति को नई पीढ़ी की चेतना के केंद्र में स्थापित किया और तुष्टिकरण की नापाक राजनीति करने वालों की सच्चाई को बेनक़ाब कर दिया।



सिसोदिया ने कहा कि भारत की ओजस्विता, तेजस्विता और असीम ऊर्जा का स्रोत 'वन्दे मातरम्' है। यह केवल एक गान नहीं, बल्कि राष्ट्रआत्मा का अनवरत स्पंदन है। स्वतंत्रता संग्राम के कठिनतम क्षणों में करोड़ों देशभक्तों के हृदय में साहस, शौर्य और संकल्प भरने वाला यह महामंत्र आज भी उतना ही प्रेरक और जीवन्त है।

उन्होंने आगे कहा कि अंग्रेजी शासन का इस गीत के प्रति द्वेषपूर्ण पूर्ण दृष्टिकोण साम्राज्यवादी मानसिकता की शत्रुता थी , किन्तु आश्चर्य और खेद का विषय है कि वही तिरस्कारपूर्ण रवैया, स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, संविधान निर्माण के दौरान और स्वतंत्र भारत में भी तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस के भीतर दिखाई दिया, जो आज भी समझ से परे है।

सिसोदिया ने कहा कि वन्देमातरम के जय घोष से अंग्रेजों का बंग भंग समाप्त हुआ था और बंगाल पुनः एकीकृत हुआ था, जिसमें हिंदू मुस्लिम सब एक सूत्र में सम्मिलित हुये थे। वन्देमातरम एकता की प्रेरणा है। इसे कांग्रेस नें तुष्टिकरण के सामने आत्मसमर्पण करने काटा छांटा था। यह कोंग्रस का अक्षम्य अपराध है जो सदियों तक उसका पीछा नहीं छोड़ेगा। सिसोदिया ने स्पष्ट कहा कि वन्दे मातरम् किसी दल, वर्ग, समुदाय या विचारधारा का विषय नहीं है। यह राष्ट्र की सामूहिक चेतना, गौरव और अखंड प्रतिबद्धता का शाश्वत संकल्प है। इसे तुष्टिकरण के चश्मे से देखना न केवल अनुचित है, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का अनादर भी है।

उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को 'वन्दे मातरम' के ऐतिहासिक महत्व, साहित्यिक सौंदर्य और राष्ट्रप्रेरक शक्ति के बारे में व्यापक रूप से अवगत करवाया जाना चाहिए।

विद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में इस विषय पर नियमित व्याख्यान, परिचर्चाएँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। राष्ट्र की नई पीढ़ी इस महामंत्र के अद्भुत चमत्कार और शक्ति से परिचित हो, यह समय की पुकार है। अंत में सिसोदिया ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल राष्ट्रीय गीत नहीं, यह भारत माता के चरणों में अर्पित राष्ट्रभक्ति, समर्पण और श्रद्धा का शाश्वत घोष है। इसकी गरिमा, प्रतिष्ठा और सर्वोच्चता युगों-युगों तक अक्षुण्ण रहेगी।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित एमआरआई व मॉड्यूलर ओटी ईथॉस हॉस्पिटल में शुरू

## विधायक संदीप शर्मा व रेडक्रॉस चैयरमेन राजेश बिरला ने किया लोकार्पण

● दिव्य जनजागृति समाचार



**कोटा/मुरली मनोहर शर्मा।** ईथॉस हॉस्पिटल में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित अत्याधुनिक एमआरआई मशीन (1.5 ञ) तथा दो डेडिकेटेड मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी स्टेट चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला एवं कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रदीप दाधीच,जितेन्द्र गोयल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजेश गोयल, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. आशीष पेमावत, सीईओ संचालन हर्ष दाधीच तथा स्ट्रेटिजिक पार्टनर रूपेश माथुर सहित गणमान्य उपस्थित रहे। चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला एवं विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि शहर की जनता को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं शहर में प्राप्त होगी तो शहर के बाहर के व्यक्ति भी कोटा में ईलाज करवाएंगे। गुणवत्तापूर्ण ईलाज में ईथॉस ने अपनी नई पहचान बनाई है। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजेश गोयल ने बताया कि अस्पताल में स्थापित दोनों मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर पूरी तरह कीटाणु रहीत सतह, संक्रमण-न्यून वातावरण तथा नियंत्रित तापमान, नमी एवं एयर प्रेशर के साथ अंतरराष्ट्रीय मापदंडों को पूरा करते हैं। इसके चलते न्यूरो,लैपरोस्कोपिक सर्जरी, ऑर्थो, कार्डियक सहित जटिल सर्जरी सुरक्षित ढंग से संचालित की जा सकेंगी। विशेषज्ञों के अनुसार इस तकनीक से पोस्ट-ऑपरेटिव इंफेक्शन में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा मरीजों की रिकवरी अपेक्षाकृत तेज होगी। रूपेश माथुर ने कहा कि कि नई प्रणाली ऊर्जा-क्षमताशील होने के साथ डॉक्टरों की कार्यक्षमता और सर्जरी की सटीकता में वृद्धि करेगी। इस स्थापना से ईथॉस हॉस्पिटल को आधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में सुदृढ़ पहचान मिलेगी। दाधीच ने बताया कि नई एमआरआई मशीन पूर्णतः सुरक्षित, दर्दरहित तथा हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग,शरीर के आंतरिक अंगों की अत्यंत स्पष्ट एवं गहरी तस्वीरें, ब्रेन, स्पाइन, जोड़ों एवं सॉफ्ट टिश्यू परीक्षण में उत्कृष्ट परिणाम,रेडिएशन-रहित तकनीक, मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित तथा तेज रिपोर्ट एवं अधिक संवेदनशील निदान क्षमता रखती है। इस अवसर पर निदेशक प्रदीप दाधीच ने गोल्डन ऐज क्लब के विशेष लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इसमें बाह्य रोगी सेवाओं पर 50 प्रतिशत तक की छूट, औषधालय एवं प्रयोगशाला शुल्क में रियायतें, भर्ती एवं शल्य चिकित्सा पैकेज पर विशेष छूट, तथा एम्बुलेंस एवं परिचारक लाउंज जैसी निःशुल्क सेवाएँ शामिल होने की जानकारी दी। सीईओ हर्ष दाधीच ने बताया कि ईथॉस प्रशासन बहुत जल्द रोबोटिक सर्जरी परियोजना का कार्य भी प्रारंभ करेंगा।

## मुकेश सिंह परिहार को पीएचडी की उपाधि



● दिव्य जनजागृति समाचार

**जयपुर।** द अमरीकन यूनिवर्सिटी यूएसए( फोर ग्लोबल पीस) ने मुकेश सिंह परिहार को डवलप्ड आर्ट एंड कल्चर इन एनशिंयट हिस्ट्री टु मॉडर्न हिस्ट्री विषय पर शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ.मधुकृष्ण के निर्देशन में पूरा किया है।

# चांदी 6595 बढ़कर 1.85 लाख किलो पर बंद

## सुबह 1.86 लाख का ऑलटाइम हाई बनाया था, सोना 186 गिरकर 1.28 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ



**नई दिल्ली।** चांदी आज यानी 10 दिसंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंची। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सुबह चांदी का दाम 1,86,350 रुपए किलोग्राम पर ओपन हुई। हालांकि इसके बाद इसके दाम में थोड़ी गिरावट आई और ये 6,595 रुपए बढ़कर 1,85,488 रुपए पर बंद हुई। इससे पहले कल ये 1,78,893 रुपए पर थी।

इस साल इसकी कीमत 99,471 रुपए बढ़ चुकी है। वहीं सोना 186 रुपए गिरकर 1,27,788 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले ये 1,27,974 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। अलग-अलग शहरों में रेट्स अलग क्यों होते हैं?

IBJA की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं।

# एसकेआईटी ने की प्री-एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी

● दिव्य जनजागृति समाचार




**जयपुर।** स्वामी केशवनंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) ने बुधवार को इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के प्री-समिट कार्यक्रम की मेजबानी की। यह आयोजन एम्पावरिंग इंडिया'स ह्यूमन कैपिटल फॉर द एआई-ड्रिवन फ्यूचर विषय पर केंद्रित था। यह आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा एआईसीटीई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। एआईसीटीई के निदेशक डॉ. अमित दत्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि यह समिट 19 एवं 20 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित होगा एवं इस समिट का केंद्रीय विषय ह्यूमन कैपिटल निर्धारित किया है, जो तीन मूलभूत सूत्रों पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस पर आधारित होगा और मानव विकास, पर्यावरणीय स्थिरता तथा तकनीकी प्रगति के संगम पर वैश्विक विमर्श को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एआईसीटीई के मीडिया एडवाइजर प्रो. पुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे। पैनल में एमिनेंट विशेषज्ञ के रूप में हितेश चौहान (ओरेकल), संदीप जैन (गीक्स फॉर गीक्स), डॉ. किरण त्रिवेदी, (यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोंगोंग), शुभम गुप्ता (नगैरो), कल्पित सिंह (एआई, सिंगलस्टोर) तथा शिव प्रकाश ओझा (इंफोसिस) शामिल थे। कार्यक्रम में प्रो. अनिल चौधरी ने समिट के उद्देश्यों और विजन की जानकारी दी, जबकि प्रो. नेहा पुरोहित ने पैनलिस्टों के साथ चर्चा का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक जयपाल मील ने आयोजन की सराहना की। कॉलेज के प्रो. मेहुल माहर्षि, डॉ. नीलम चौधरी और डॉ. लवलीन कुमार ने कार्यक्रम की सफलता में महती भूमिका निभाई।

# हाडौती के दौरे पर डॉ. सतीश पूनियां के स्वागत में कोटा में कार्यकर्ताओं का उमडा सैलाब

● दिव्य जनजागृति समाचार



**कोटा।** कोटा के एक दिवसीय प्रवास पर पहँचे भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां का पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने भव्य स्वागत-अभिनंदन किया, इस दौरान पूनियां ने कोटा सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके हाल-चाल जाने। डॉ. सतीश पूनियां ने कोटा में भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत से उनके निवास पर पहुँचकर आत्मीय मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी।

साथ में भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर, राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल के प्रन्याशी अरविन्द सिसोदिया, पंकज मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत विजय,पूर्व जिला अध्यक्ष मुकुट नागर, डॉक्टर एलएन शर्मा, जिला महामंत्री मुकेश विजय, चंद्रशेखर नरवाल, ललित शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सतीश पूनियां ने हाडौती के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक विजय सिंह पलायथा के निधन पर उनके निवास पर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

वहीं डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भरत सिंह कुंदनपुर के निधन और कोटा के पूर्व जिला प्रमुख गोविंद सिंह परमार के बड़े भाई मानसिंह परमार के निधन पर उनके निवास स्थानों पर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कोटा संभाग इकाई कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय सह संयोजक इरशाद अली के नेतृत्व में सतीश पूनियां का स्वागत किया।

# थरूर ने वीर सावरकर अवॉर्ड लेने से इनकार किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा- मैं ये अवॉर्ड लेने नहीं जा रहा हूं। मुझे इसके बारे में केरल में रहते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से ही जानकारी मिली। कांग्रेस सांसद ने कहा कि आयोजकों ने बिना पूछे मेरा नाम घोषित किया है। ऐसे में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं, अवॉर्ड देने वाले NGO ने थरूर के दावे को गलत बताया। दि हिंगरेज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी इंडिया के संस्थापक अजी कृष्णन ने दावा किया कि वे एक महीने पहले थरूर से उनके घर पर मिले थे। थरूर ने अवॉर्ड स्वीकार करने की सहमति दी थी। दो हफ्ते पहले भी जूरी चेयरमैन रवि कांत ने उनसे मुलाकात की थी। दरअसल, बुधवार को दिल्ली में वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025% आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहेंगे।

# महा अरोवा इंडिया एलएलपी द्वारा जयपुर में अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर का भव्य शुभारंभ

● दिव्य जनजागृति समाचार




**जयपुर।** राजधानी जयपुर के राजापार्क स्थित एक होटल में बुधवार को महा अरोवा इंडिया एलएलपी ने अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेचुरल मिनरल वाटर के संस्थापक राहुल अरोड़ा ने कहा कि अरोवा का उद्देश्य शुरुआत से ही लोगों तक सबसे शुद्ध और लाभदायक पानी पहुंचना है। हमारे पानी में मिनरल प्राकृतिक रूप से प्रत्येक दैनिक कार्य मसल रिकवरी, पाचन, और बेहतर हाइड्रेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरव को शुरुआत राजधानी जयपुर में एक सरल सोच से की गई हैं पानी केवल प्यास बुझने का साधन नहीं बल्कि शरीर को पोषण देने का माध्यम है। आम तौर पर बाजार में मिलने वाला पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर आरओ प्रोसेस से गुजरता है, जिससे पानी के प्राकृतिक खनिज नष्ट हो जाते हैं। वहीं अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर प्राकृतिक मिनरल से भरपूर जल स्त्रोतों से प्राप्त किया जाता है और इसकी शुद्धता और प्राकृतिक गुणों को सुरक्षित रखते हुए बोतलबंद किया जाता है। इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, सोडियम, बाइकार्बोनेट्स, सल्फेट्स, क्लोराइड और प्राकृतिक सिलिका जैसे आवश्यक मिनरल्स संतुलित मात्रा में मौजूद हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं, मांसपेशियों की कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, पाचन सुधारते हैं और शरीर को बेहतर हाइड्रेशन प्रदान करते हैं। इसका प्राकृतिक रूप से संतुलित श्व॥ शरीर के आंतरिक संतुलन को बनाए रखने में भी सहायक है। ब्रांड के राष्ट्रीय विस्तार और राजस्थान की रणनीतिक महत्ता पर बात करते हुए अरोवा के प्रमोटर्स प्रतीक वर्मा एवं सुधांशु पांडा ने कहा- अरोबा का विजन पूरी तरह पैन-इंडिया है। राजस्थान हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है, न केवल इसकी आर्थिक प्रगति के कारण, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह देश का एक प्रमुख टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी हव है। जयपुर से हमारी HORECA आधारित विस्तार योजना की मजबूत शुरुआत होगी। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले समय में अरोवा राजस्थान के होटलों, रेस्टोरेंट्स, कैफे, लग्जरी रिसॉर्ट्स, वेलनेस सेंटर्स और प्रीमियम संस्थानों की पहली पसंद बने। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्थान में अरोवा का विस्तार एक सतत, सुव्यवस्थित और गुणवत्ता-केंद्रित मॉडल के तहत किया जाएगा, जो आज के आधुनिक उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं और तेजी से बढ़ते प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के अनुरूप होगा।

# मानव अधिकार दिवस पर विशाल रैली संपन्न

● दिव्य जनजागृति समाचार




**जयपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय मानवाधिकार महासंघ जयपुर द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया रेली का आरंभ पूर्व न्यायाधीश पीपी सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रेली संजय सर्किल से सैकड़ो लोगों के साथ चांदपोल होते हुए छोटी चौपड़ पर समापन की गई कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अब्दुल रशीद खान, समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, शाहिद गुडेज, डॉ इकबाल अगवानी, जिला अध्यक्ष मेघ श्याम गुप्ता प्रदेश संगठन मंत्री चेतन अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, फारूक समोदिया, नवल किशोर गुर्जर, अजीम अहमद, अफसार अहमद, सुशीला जांगिड़, मीनाक्षी चौधरी, विजय शंकर तिवारी, मोहम्मद साबिर, अब्दुल सलीम, मिर्जा बेग, अनवर अहमद, मुनव्वर हुसैन, फारूक लोखंडवाला, चिरंजीव सिंह, इरफान अहमद कुरैशी, अब्दुल सत्तार, खलील फारुकी, राजेंद्र कुमार बेरवा, दीपक धीर, सलीमुद्दीन खान, संजय चतुर्वेदी, विकास कुमार, शाह निजाम भाई, राजेंद्र वर्मा, बनवारी भाई, हाजी सलीमुद्दीन आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। हाजी अब्दुल रशीद खान ने कहा कि मानव अधिकार का कहीं भी हनन नहीं होना चाहिए अगर मानव अधिकार का कई हनन हो रहा हो तो इसका विरोध करना चाहिए अन्यथा चीनी की बुर्ज स्थित मानव अधिकार महासंघ की सहायता लेनी ले सकते हे।

# चेटीचंड सिंधी मेला समिति ने 141 विशिष्ट जनों का सम्मान किया

## सी ए इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त नेहा खानवानी भी सम्मानित हुई

● दिव्य जनजागृति समाचार



**जयपुर।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति, महानगर जयपुर के चेटीचंड 2025 कार्यक्रमों का समापन और सम्मान समारोह स्थानीय मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान झूलेलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुई। अध्यक्ष दिलीप हरदासानी ने मुख्य अतिथि अशोक परनामी का शॉल पहना कर स्वागत किया सिंधी संस्कृति को बढ़ावा देने वाले और विगत चेटीचंड पखवाड़ा के कार्यक्रमों में विशेष योगदान देने वाले 141 समाज बन्धुओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, सहयोगी संस्थाओं के सदस्य, पंचायतों के मुखिया गण सम्मिलित थे। प्रवक्ता तुलसी संगतानी ने बताया की सिंधु सपूत अवार्ड जेठानन्द नंदवानी को,सिंधु गौरव अवार्ड मोहन नानकानी को,सिंधु रत्न अवार्ड मनोहर राजानी को और सिंधु वीर अवार्ड नानकराम थावानी को दिए गए। सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता पुरस्कार कमल आसवानी को, सर्वोत्तम कार्यकर्ता पुरस्कार दीपक दुलानी को, अद्वितीय कार्यकर्ता दिलीप भूरानी को और विशेष पुरस्कार दिलीप पारवानी को प्रदान किया गया। कलात्मक झांकियों में भारतीय सिंधु सभा, पूज्य सिंधी पंचायत जयसिंहपुरा खोर, पूज्य सिंधी पंचायत आमेर को सम्मानित किया गया। सजीव झांकियों में पूज्य पंचायत नाहरी का नाका, जय सिंह सेठिया, पूज्य सिंधी पंचायत मुरली पुरा को भी पुरस्कार दिए गए। पूरे देश में सी. ए. इंटर मीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नेहा खानवानी को विशिष्ट पुरस्कार दिया गया।

### चेटीचंड के लिए नए अध्यक्ष का चुनाव 28 दिसम्बर को

चेटीचण्ड सिंधी मेला समिति, महानगर जयपुर के वर्ष-2026 के अध्यक्ष पद के चुनाव 28 दिसम्बर को आयोजित होंगे। चुनाव संचालन समिति ने चेटीचण्ड अध्यक्षीय चुनाव-2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनाव संचालन समिति के दिलीप पारवानी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए रविवार, 28 दिसंबर 2025 को प्रातः 9.30 से दोपहर 3 बजे तक श्री झूलेलाल मंदिर, सेक्टर 5, जवाहर नगर में मतदान होगा। मतगणना मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद होगी। नामांकन फॉर्म भरने की तिथि 18 व 19 दिसंबर 2025 तय की गई है।

# 11 से 15 दिसंबर तक 29वें पीएसपीबी इंटर-यूनिट सीनियर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 का होगा आयोजन

## यह 5 दिवसीय टी-20 टूर्नामेंट जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में खेला जाएगा

● दिव्य जनजागृति समाचार




**जयपुर।** 29वाँ पीएसपीबी इंटर-यूनिट सीनियर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2025ङ्क26 कल से शुरू होने जा रहा है, जिसका आयोजन गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा जयपुरिया क्रिकेट अकादमी, जयपुर में किया जाएगा। 11 से 15 दिसंबर 2025 तक यह प्रतियोगिता पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) की 9 सदस्य तेल कंपनियों की भागीदारी के साथ आयोजित की जाएगी। उद्घाटन समारोह में आयुष गुप्ता, डायरेक्टर (ह्यूमन रिसोर्स), गेल (इंडिया) लिमिटेड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। टूर्नामेंट में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपीसीएल, ईआईएल, एचपीसीएल, एनआरएल, ओआईएल, गेल और एमआरपीएल खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। टूर्नामेंट में 3 ग्रुप बनाए गए है जिनमें 9 टीमें हिस्सा ले रही है। हर ग्रुप में 3 टीमें होगी। इस पाँच दिवसीय टूर्नामेंट में प्रति दिन 3 मैच खेले जाएँगे और आख़री में सेमीफाइनल और सोमवार, 15 दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। इस वर्ष के संस्करण में क्रिकेट जगत के कई प्रमुख नाम रोमांच को और बढ़ाने वाले हैं, जिनमें शामिल है। मंधार फडके, इक़बाल सिद्दीकी, राजेश पवार (आईओसीएल), दीपक जैन, चैतन्य देशपांडे (बीपीसीएल) तथा दिनेश कुमार, फ़रिज़ गियास और रवि सैगल (ओएनजीसी)। इन अनुभवी खिलाड़ियों की उपस्थिति टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा और उत्साह का नया स्तर जोड़ेगी। पीएसपीबी इंटर-यूनिट सीनियर्स टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट ऑयल एवं गैस क्षेत्र के उपक्रमों के बीच सौहार्द, खेलभावना और खेल संस्कृति को सुदृढ़ करता आ रहा है, जो भारत में खेल विकास के प्रति पीएसपीबी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# यशवी शर्मा बनीं 'स्टेक वॉक मिस इंडिया इंटरनेशनल 2025' की विजेता, जयपुर में हुआ भव्य आयोजन

● दिव्य जनजागृति समाचार




**जयपुर।** फैशन और ग्लैमर के एक शानदार प्रदर्शन में, गोल्ड इवेंट्स के तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित 'स्टेक वॉक मिस इंडिया इंटरनेशनल 2025' का खिताब यशवी शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। यह भव्य आयोजन अजमेर रोड स्थित होटल वी वन प्राइड में संपन्न हुआ, जिसने देश भर की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया।

### विजेताओं की घोषणा:

स्टेक वॉक मिस इंडिया इंटरनेशनल 2025- यशवी शर्मा, स्टेक वॉक इंडिया- मनीषा बैरवा, स्टेक वॉक राजस्थान- श्वेता किराड। इस प्रतियोगिता में, पूनम शर्मा ने फर्स्ट रनर-अप और कृष्णा मालवीय ने सेकंड रनर-अप का स्थान हासिल किया।

### कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं:

गोल्ड इवेंट्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में फैशन, रचनात्मकता और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रांड एंबेसडर- प्रिया भागवानी इस कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर रहीं, जिन्होंने शो में चार चाँद लगाए। फैशन हाईलाइट- प्रतिभागियों ने फैशन डिजाइनर ममता जायसवाल, तनु कुमावत, और टीना शर्मा द्वारा डिजाइन की गई नवीनतम और शानदार पोशाकें प्रस्तुत कीं, जो शो का मुख्य आकर्षण थीं। किड्स मॉडल में राजस्थान कल्चरल फैशन शो की ब्रांड एंबेसडर पंखुड़ी तिवारी और द क्राउन की ब्रांड एंबेसडर ओजस्वी शंकर को भी सम्मानित किया गया। मेकअप पार्टनर: मेकअप पार्टनर सरिता की टीम ग्लेम औरा ने अपनी विशेषज्ञता से सभी प्रतिभागियों की खूबसूरती में निखार लाते हुए उन्हें मंच के लिए तैयार किया। शो कोरियोग्राफ मनोज सोनी द्वारा किया गया। गोल्ड इवेंट्स के राज और राहुल शर्मा ने इस अवसर पर कहा, हम इस साल की सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा और समर्पण से अभिभूत हैं। यशवी शर्मा एक शानदार विजेता हैं, और हमें विश्वास है कि वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व गर्व से करेंगी। यह आयोजन भारतीय प्रतिभा और फैशन उद्योग को बढ़ावा देने के हमारे मिशन का प्रमाण है। यह प्रतियोगिता न केवल सौंदर्य का प्रदर्शन थी, बल्कि यह आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता और जुनून को भी दर्शाती है।

# श्री कृष्णा यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी 2026 फुलेरा दूज को

## बड़के बालाजी प्रथम पूज्य श्री गणेशजी को दिया निमंत्रण



● दिव्य जनजागृति समाचार

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में श्री कृष्णा यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा आगामी 19 फरवरी 2026 फुलेरा दूज के उपलक्ष्य पर यादव समाज का 13वा सामूहिक विवाह सम्मेलन सांगानेर के रामचंद्रपुरा में आयोजित होगा। 10 दिसंबर बुधवार को समिति के सदस्यों ने बड़के बालाजी स्थित गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेशजी को निमंत्रण दिया गया। समिति मीडिया प्रभारी हरीश यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी श्री कृष्णा यादव समाज का तेरवा सामूहिक विवाह सम्मेलन रामचंद्रपुरा मैं आयोजित किया जाएगा, इस बार विवाह सम्मेलन के मुख्य संयोजक हरसहाय निनवानिया ( कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान युवा महासभा ) को बनाया गया है। यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विवाह सम्मेलन के संरक्षक महेंद्र यादव ने बताया कि सामूहिक विवाह का उद्देश्य आम जनता में जागरूकता के साथ-साथ दहेज प्रथा को पूर्णता खत्म करना, समाज में फैली कुछ कुरीतियों को खत्म करना है। समाज के गरीब परिवार को अपने बच्ची बच्चों की शादी विवाह के लिए अपने घर बार बेचने का आवश्यकता नहीं होती। नहीं उन्हें कर्ज में डूबने की जरूरत होती है वह उन्हें पैसों से अपने बच्चों के भविष्य के लिए कुछ अच्छा कर सकते हैं और संस्था का हमेशा यही उद्देश्य रहा है कि समाज के उत्थान के कार्य करते रहे। जिससे समाज का पैसा बचेगा समाज का पैसा बचेगा तो समाज के उत्थान के लिए कार्य आएगा। गणेश जी निमंत्रण अवसर पर यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विवाह सम्मेलन के संरक्षक महेंद्र यादव, सामूहिक विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह चोरिया, मुख्य संरक्षक कल्याण सहाय निनवाणिया, श्री कृष्णा सामाजिक उत्थान संस्था के अध्यक्ष लालचंद चोरिया, यादव युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव, विवाह सम्मेलन समिति के कोषाध्यक्ष सि, एम ,अहीर, भामाशाह रामनिवास यादव, भामाशाह हीरालाल यादव, बाबूलाल यादव, ओम प्रकाश यादव, गणेश यादव, किशन लाल चोरिया, कजोड़ यादव, राधेश्याम हनिनवाल, देवी लाल यादव, सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

# अरिहंत ग्लोबल ने मनाया 12वाँ वार्षिकोत्सवः मिशन 100 टीम' थीम के साथ ऊर्जा से भरपूर भव्य उत्सव बढ़ता राजस्थान

● दिव्य जनजागृति समाचार





**जयपुर।** डिजिटल सेवाओं, मोबाइल संचार सुविधाओं और आधुनिक तकनीकी समाधानों में अग्रणी संस्था अरिहंत ग्लोबल ने इस वर्ष अपना 12वाँ वार्षिकोत्सव अत्यंत जोश, उत्साह और पारिवारिक वातावरण में मनाया। इस वर्ष समारोह का मुख्य विषय मिशन 100 टीम ङ्क ऊर्जा के साथ उत्सव रखा गया, जिसका उद्देश्य आने वाले समय में 100 से अधिक सदस्यों वाली सशक्त, प्रशिक्षित और ऊर्जावान टीम का निर्माण करना, डिजिटल रोजगार सृजन , फ्रेंचाइजी सेगमेंट में प्रवेश करना है। यह भव्य समारोह काश्वी बैंक्वेट, खंडेलवाल ढाबेवाला, जयपुर में आयोजित हुआ, जहाँ संस्था के सभी कर्मचारियों के साथ उनके परिवारजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आत्मीय व उल्लासपूर्ण हो गया। समारोह में उद्योग, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र के सम्मानित अतिथियों डॉ. अरुण अग्रवाल, जगदीश सोमानी, मनीष जैन, अंकुर जोशी, मुकुल गोस्वामी, प्रो. त्रिलोक जैन एवं गौमाता सेवार्थ ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य-ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों ने अरिहंत ग्लोबल की 12 वर्षों की विकास यात्रा, टीम-संस्कृति, नवाचार तथा समाज के प्रति योगदान की सराहना की। निर्देशक राहुल कुमार जैन ने संस्थान के प्लेटफ़ॉर्म और नई पहलों पर प्रकाश डाला संस्थान के संस्थापक राहुल जैन, सुनीता जैन ने अपने उद्बोधन में अरिहंत ग्लोबल द्वारा विकसित किए गए अनेक प्रमुख डिजिटल मंचों और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानव इन्वाइट्स, संचार मंच सेवाएँ ( सी-पा.एस प्रकार की सेवाएँ) तथा अन्य डिजिटल समाधान, पिछले वर्षों में अनेक संगठनों, संस्थानों और ग्राहकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए हैं। उन्होंने इस अवसर पर इस वर्ष प्रारंभ किए गए डिजिटल एम्पावरमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम (छ्ठश्वझ्रक्क) के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से नवउद्यमियों (स्टार्टअप्स), लघु और मध्यम उद्योगों, युवाओं के कौशल विकास, और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। युवाओं, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाकर उन्हें रोजगार सृजन, व्यवसाय विस्तार और राष्ट्र निर्माण में सक्षम बनाना। वार्षिक सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान संस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष का वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सम्मान राशिका शर्मा को उनके समर्पण, रचनात्मकता और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में विनोद कुमावत, अंकुर, अंकित जैन, लोकेश मेहरा, आयुषी पाटनी, शैलेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, अमित गौतम, संजय कंवरिया तथा रवीना जांगिड़-को भी विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समापन मिशन 100 टीम के संकल्प के साथ हुआ, जहाँ सभी अतिथियों, टीम सदस्यों और उनके परिवारों ने एकजुट होकर भविष्य में नई ऊर्जा, नए नवाचार और मजबूत टीमभावना के साथ और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करने का दृढ़ निश्चय किया।

# लिव इन रिलेशनशिप की कानूनी मान्यता रद्द करने की सरकार से मांग

● दिव्य जनजागृति समाचार



**जयपुर।** मीरा चेरिटेबल ट्रस्ट,सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इनफॉरमेशन आधुनिकता के नाम पर लिव इन रिलेशनशिप की कानूनी मान्यता को रद्द करने की सरकार से मांग की है। मीरा चेरिटेबल ट्रस्ट, जयपुर द्वारा सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इनफॉरमेशन के डायरेक्टर आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने कहा कि सांस्कृतिक, सामाजिक, वैवाहिक जीवन पद्धति तेजी से पतन के गर्त में जा रही है। भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने और सुखी सभ्य समाज व्यवस्था जो पतनोन्मुखी हो गई है, इसे सुधारने के लिए देशव्यापी जन आंदोलन को आरम्भ किया है। आचार्य सत्यनारायण ने अपने उद्बोधन में बताया कि रिश्ते कैसे होते हैं और कैसे बनाए जाते हैं। विवाह के प्रकार और विवाह व्यवस्था का अर्थ और महत्व स्पष्ट किया। लिव इन रिलेशनशिप को लागू करने के दुष्परिणाम विस्तार से बताए और इसमें पैदा होने वाले बच्चों का भविष्य कितना खराब होगा, यह जानकारी दी। लिव इन रिलेशनशिप की प्रथा की शुरुआत कैसे हुई, क्या-क्या कारण है, यह प्रथा समाज के लिए कितनी घातक है। यह जानकर पैरों तले जमीन सरक गई। समाज में होने वाले अनाचार, दुराचार और व्यभिचार को रोकने की जिम्मेदारी सरकार की है, सरकार इसमें नाकाम रहती है तो इसे ही वैध करार दिया जाता है। आचार्य सत्यनारायण ने सनातन धर्म के चारों आश्रम का पालन किया है और 79 वर्ष की आयु में संन्यासी रहते हुए भी संगीत गायन वादन और कथक नृत्य के साथ ही समाज की सेवा में लगे हुए हैं। 2 मई 2025 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा उनको सम्मानित किया गया। यह बहुत बड़े महत्व की बात है कि भगवान से उन्हें विपश्यना की गहरी समाधि की अवस्था में यह आदेश मिला कि लिव इन रिलेशनशिप को समाप्त कराना है और भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक, वैवाहिक व्यवस्था को छिन्न भिन्न होने से बचाने के लिए आंदोलन करने का उत्तरदायित्व उनको दिया। उन्होंने कहा कि यदि यह बीमारी जो महामारी की तरफ फैल रही है, समय रहते नहीं रोकी गई और समाप्त नहीं किया तो हमारे देश को बर्बादी से कोई नहीं रोक पाएगा। पाटोदिया ने माननीय प्रधानमंत्री जी को एक पत्र लिखा है और एक कानून बनाकर लिव इन रिलेशनशिप की कानूनन मान्यता को समाप्त करने हेतु प्रार्थना की है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 53वें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत शर्मा को भी अपील की है कि आप अपने स्वविवेक से प्रसंज्ञान लेकर लिव इन रिलेशनशिप की कानूनी मान्यता को समाप्त करने का पुण्य कार्य करें। इस अवसर पर डा. राम शर्मा, प्राचार्य, जयपुर संगीत महाविद्यालय, प्रमोद जैन चौरड़िया, संस्थापक अध्यक्ष, मानव मिलन संस्थान, कमल बाबू जैन, पूर्व अध्यक्ष राजस्थान जैन सभा एवं अध्यक्ष राजस्थान महासभा,डा.सुरेश चंद्र शर्मा, संस्थापक अध्यक्ष, सर्व समाज जागृति संघ और रुचि साधवानी, फाउंडर, आनंद फाउंडेशन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## अस्थाई पुजारी ही निकला मंदिर मूर्ति का चोर, दो किलो चांदी की नागराज मूर्तियां और चांदी के छत्र किए थे चोरी

● दिव्य जनजागृति समाचार

**जयपुर।** अशोक नगर थाना पुलिस ने प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर में मूर्ति चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते मंदिर में अस्थाई पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित पुजारी से चोरी की वारदात को लेकर गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। बताया जा रहा है गिरफ्तार आरोपित ने थाना इलाके में स्थित प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर से लगभग दो किलो वजनी चांदी की नागराज की मूर्ति और छत्र चोरी कर लिए और मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी अस्थाई पुजारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि स्थाई पुजारी किसी काम से अपने गांव चला गया था। मंदिर में पूजा-पाठ करने के लिए अस्थाई पुजारी अंकित को नियुक्त किया गया। मंदिर में साफ-सफाई के दौरान चांदी का छत्र और दानपात्र देकर अंकित की नियत बिगड गई और उसने मंदिर परिसर से दो किलो वजनी नागराज की मूर्ति ,चांदी के छत और दानपात्र चोरी कर कैब की मदद से लेकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी से चांदी के छत्र ,मूर्तियां और दानपात्र बरामद कर लिए है।

## झगडे की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस दल पर जानलेवा हमला

● दिव्य जनजागृति समाचार

**जयपुर।** कालवाडा थाना इलाके में कंट्रोल रुम से झगडे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक परिवार के तीन लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान एएसआई समेंत तीन पुलिस के जवान घायल हो गए। पुलिस से मारपीट की सूचना मिलने अतिरिक्त पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और घायल पुलिसकर्मियों को नजदीकी प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपित परिवार के तीनों लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने ओर पुलिस के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है। एसीपी झोटवाड़ा आलोक सैनी ने बताया कि कालवाड थाने की पीसीआर को कंट्रोल रुम से सूचना मिली थी की हाथोज स्थित मंगलम धाम में एक परिवार के कुछ पडोसियों से झगडा कर रहे है। सूचना पर मौके पर पहुंची पीसीआर से एएसआई बलवीर सिंह, रुपनगड हाल मुरलीपुरा निवासी ने दोनो पक्षों से समझाईश की। तभी जोगाराम जांगिड, ललिता जांगिड और अजय जांगिड ने पुलिस दल पर हमला कर दिया। इस हमले एएसआई बलवीर सिंह सहित दो-तीन अन्य पुलिसकर्मियों को चोटे आई। पीसीआर से मिली सूचना के बाद पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा और घायल पुलिसकर्मियों को प्राइवेट अस्पताल चिरायु में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी परिवार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया



**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस पर पीएम मोदी ने कहा, दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में NESCO की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके।

### मोदी बोले- दिवाली संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें।

### भारत की 15 धरोहरें पहले से लिस्ट में

यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल, भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।

### कपिल मिश्रा बोले- सभी सरकारी इमारतें सजाई जाएंगी

दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि 10 दिसंबर को दिल्ली सरकार अलग से दिवाली मनाएगी। सभी सरकारी इमारतें सजाई जाएंगी, दिल्ली हाट में खास कार्यक्रम होंगे और लाल किले पर दीये जलाए जाएंगे। मंगलवार रात दिल्ली सचिवालय को तिरंगे रंगों की रोशनी से जगमगाया भी गया। सरकार का मकसद दीपावली को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले वैश्विक संदेश के रूप में पेश करना है, ताकि यूनेस्को सूची में भारत का दावा और मजबूत हो सके। दिल्ली सरकार ने लोगों से भी अपील की है कि वे शहरभर में हो रहे समारोहों में शामिल हों और मिलकर इस ऐतिहासिक पल को मनाएं। कार्यक्रम का मुख्य स्थान लाल किला होगा। यहां विदेशी मेहमान और देश के बड़े अधिकारी दीप जलाने की रस्म, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक कला के प्रदर्शन देखेंगे। राजधानी को सजाने की जिम्मेदारी दिल्ली सरकार को दी गई है। पूरे शहर में लाइटें लगाई जाएंगी, सजावट होगी, दीये जलाए जाएंगे और अलग-अलग जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

# मोहता ट्रस्ट का नवाचार : भजन सम्राट अनूप जलोटा 16 दिसंबर को देंगे प्रस्तुति

## एमजीएसयू ऑडिटोरियम में होगी नॉनस्टॉप संगीत संध्या

● दिव्य जनजागृति समाचार

**बीकानेर/लक्ष्मीनारायण शर्मा।** सेवा को संस्कार मानने वाले मोहता परिवार ने एक बार फिर शहर के लिए विशेष पहल की है। मोहता आयुर्वेदिक चिकित्सालय और सेठ रामगोपाल गोवर्द्धन दास मोहता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बीकानेर में भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा की विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 16 दिसंबर 2025 को सांय 5 से 8 बजे तक महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में होगा।




### निशुल्क पास से ही प्रवेश

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश केवल निशुल्क प्रवेश-पत्र से ही मिलेगा। ऑडिटोरियम में लगभग 1000 दर्शकों के बैठने की तैयारी की जा रही है। ऑडिटोरियम परिसर को विशेष रूप से सजाया जाएगा।

### भजन, गजल और गीत नॉनस्टॉप प्रस्तुति

आयोजक टीम के अनुसार अनूप जलोटा अपनी सुमधुर आवाज में भजनों के साथ गजलें और गीत भी प्रस्तुत करेंगे। संगीत संध्या तय समय पर शुरू होगी और बिना किसी ब्रेक के नॉनस्टॉप चलेगी। इसे बीकानेर की एक विशिष्ट सांस्कृतिक शाम के रूप में तैयार किया गया है।

### प्रबुद्ध वर्ग को विशेष आमंत्रण

संगीत संध्या में शहर के सामाजिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, उद्योग एवं चिकित्सा क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है।

### सवा सौ साल से जारी है

### सेवा परंपरा

मोहता परिवार बीकानेर ही नहीं, देश-दुनिया में सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है। स्व. मोतीलाल मोहता की सेवा विरासत को उनके पुत्र शिवदास, जगन्नाथ, लक्ष्मीचंद और गोवर्द्धन दास मोहता ने आगे बढ़ाया। मोहता आयुर्वेदिक चिकित्सालय, मोहता धर्मशाला, मोहता रसायनशाला सहित विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से परिवार पिछले लगभग 125 वर्षों से समाज सेवा कर रहा है।

### पत्रकार वार्ता में दी जानकारी


पत्रकार वार्ता को मोहता रसायनशाला के जीएम (प्रोडक्शन) प्रमोद भट्ट, मैनेजर राजेंद्र गर्ग, फाइनेंशियल मैनेजमेंट हेड सीए जया रामपुरिया, लीगल एडवाइजर करण सिंह शेखावत, सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर मोहन पुरोहित, रिक्रूटमेंट मैनेजर विकास राठौड़ और चैरिटेबल ट्रस्ट से योगेश पुरोहित ने संबोधित किया।

# कोटा को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने को लेकर खड़े गणेश जी मंदिर में विशेष प्रार्थना

## हाडौती ट्रैवल मार्ट 2026 को लेकर उद्योग और व्यापार जगत की एकजुटता

● दिव्य जनजागृति समाचार

**कोटा/मुरली मनोहर शर्मा।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान, कोटा डिवीजन की पहल पर आगामी कोटा हाड़ोती ट्रैवल मार्ट 2026 के सफल आयोजन तथा कोटा को पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित करने की कामना के साथ बुधवार को खड़े गणेश जी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर होटल फेडरेशन, कोटा व्यापार महासंघ, द एसएसआई एसोसिएशन, पर्यटन विभाग एवं विभिन्न औद्योगिक, व्यावसायिक व सामाजिक संगठनों के लगभग 200 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। फेडरेशन अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, महासचिव संदीप पाडिया, कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता एवं मार्ट संयोजक अनिल मुंदड़ा ने बताया कि 2, 3 एवं 4 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले कोटा हाड़ोती ट्रैवल मार्ट के माध्यम से हाड़ोती के धार्मिक, प्राकृतिक, हेरिटेज एवं आधुनिक पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे कोटा की अर्थव्यवस्था को नई दिशा प्राप्त होगी। माहेश्वरी ने कहा कि अतीत में जब-जब कोटा की आर्थिक परिस्थितियाँ चुनौतीपूर्ण रहीं, तब खड़े गणेश जी के प्रति आस्था और सामूहिक संकल्प से नई संभावनाएँ विकसित हुईं। उन्होंने कहा कि कोचिंग, कोटा स्टोन एवं औद्योगिक क्षेत्रों में आई चुनौतियों के बावजूद कोटा की अर्थव्यवस्था ने हर बार नयी गति प्राप्त की है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यटन विकास, कोटा के लिए स्थायी आर्थिक विकल्प सिद्ध हो सकता है।



फेडरेशन पदाधिकारियों ने बताया कि हाड़ोती क्षेत्र में अभयारण्यों, जल-पर्यटन, धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक सौंदर्य, हेरिटेज स्थलों सहित विविध पर्यटन संभावनाएँ मौजूद हैं, किंतु इनके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। ट्रैवल मार्ट के माध्यम से हाड़ोती को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। कार्यक्रम में कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, विविध व्यावसायिक संगठनों, उद्योग संघों, होटल एसोसिएशनों, पर्यटन विभाग, कोर कमेटी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे। फेडरेशन ने कोटा के उद्योगपतियों, व्यापारियों, नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों से ट्रैवल मार्ट को सफल बनाने एवं हाड़ोती को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने में सहयोग देने की अपील की।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1300 से अधिक स्टेशन पुनर्विकास की राह पर

## 11 वर्षों में अभूतपूर्व पैमाने पर स्टेशन आधुनिकीकरण–160 स्टेशनों पर कार्य पूर्ण

● दिव्य जनजागृति समाचार

**कोटा ।** लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशव्यापी स्टेशन पुनर्विकास अभियान की प्रगति और उसके व्यापक स्वरूप की जानकारी देते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारतीय रेल ने अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से विश्व के सबसे बड़े स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से 160 स्टेशनों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह पहल पुराने पारंपरिक तौर-तरीकों से बिल्कुल अलग है, जहाँ पहले केवल रंग-रोगन को ही विकास माना जाता था। अब स्टेशनों को दीर्घकालिक मास्टर प्लान के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय स्थापत्य कला का समावेश, दोनों ओर से प्रवेश मार्ग, विस्तृत यात्री प्रांगण, आधुनिक फुट ओवरब्रिज तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अगले 50 वर्षों की योजना सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर पहुँच मार्गों को चौड़ा किया गया है, पार्किंग क्षेत्रों का विस्तार किया गया है तथा यात्री प्रबंधन की नई सुविधाएँ विकसित की गई हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बनाए गए होल्डिंग एरिया की वजह से हजारों यात्री सुविधाजनक ढंग से प्रतीक्षा कर सके और भीड़ होने के बावजूद स्टेशनों की सेवाओं का सुचारू रूप से उपयोग कर पाए। रेल मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि स्टेशनों पर स्वच्छता के स्तर में पिछले 15 वर्षों की अपेक्षा उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे सार्वजनिक ढाँचे की गुणवत्ता के नए मानक स्थापित हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि इसी वर्ष जून में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा बीकानेर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत भारत योजना के अंतर्गत 103 नए स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इन स्टेशनों में उन्नत बाहरी स्वरूप, बेहतर परिधि क्षेत्र, सतत भवन सुविधाएँ तथा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को प्रमुखता दी गई है, ताकि भविष्य के अनुरूप विश्वस्तरीय रेलवे अवसंरचना तैयार की जा सके।



## गोवा नाइट क्लब अग्निकांड, 4 मालिकों में से एक पकड़ाया

**पणजी/नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने बुधवार को उसे दिल्ली से ही हिरासत में लिया। गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसे आज साकेत कोर्ट में पेश किया गया। उसे गोवा पुलिस की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर सौंपा गया है। इस दौरान उसे उसे दवाएं लेने की अनुमति दी गई है। क्राइम ब्रांच ऑफिस में जाने के दौरान, आरोपी ने मास्क, टोपी और हुडी जैकेट से अपना चेहरा छिपा रखा था। उसने मीडिया के सवालों पर कहा- मैं सिर्फ एक बिजनेस पार्टनर हूं। मुझे इससे ज्यादा कुछ नहीं पता। इधर, क्लब के दो अन्य मालिक और सगे भाई, सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा ने दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। कोर्ट ने जमानत नहीं दी और पुलिस से जमानत पर जवाब मांगा है। मामले पर गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। दोनों भाई आग लगने के कुछ घंटों बाद, 7 दिसंबर को दिल्ली से थाईलैंड भाग गए थे। इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन ने दोनों भाइयों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। नाइट क्लब के एक अन्य मालिक सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। वह एक ब्रिटिश नागरिक हैं।

### क्लब के चीफ जनरल मैनेजर सहित अबतक 5 गिरफ्तार

पुलिस ने अबतक 5 लोगों को नाइट क्लब अग्निकांड मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में नाइट क्लब के चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया, गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर और कर्मचारी भरत कोहली शामिल हैं। वहीं मंगलवार को कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने चेन के दूसरे क्लब पर बुलडोजर कार्रवाई की। गोवा के ष्टरूप्रमोद सावंत ने वागाटोर में सौरभ और गौरव लूथरा की रोमियो लेन बीच शैक को गिराने का आदेश दिया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट बोला-इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपए से बढ़कर 30,000 रुपए तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की डिवीजन बेंच जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी।

# ग्राम पंचायतों को मिले स्वायत्तता और 50 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार, संयुक्त संगठनों ने की राज्यपाल से मांग

## अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

● दिव्य जनजागृति समाचार

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर बुधवार को संयुक्त अभिभावक संघ, युवा हल्ला बोल, भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी एवं ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर राजस्थान की ग्राम पंचायतों को वित्तीय स्वायत्तता, स्थायी आय स्रोत और विकास प्राधिकरणों द्वारा अधिग्रहित भूमि में से 50 प्रतिशत विकसित भूमि देने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आज भी ग्रामीण गरीब, दलित और वंचित वर्ग आवास व मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि पंचायतें वित्तीय अधिकारों के अभाव में सीमित दायरे में काम कर पा रही हैं।



संयुक्त अभिभावक संघ के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा कि 70 वर्षों बाद भी पंचायतों को स्थायी आय का स्रोत नहीं मिल पाया। यदि अधिग्रहित भूमि का 50 प्रतिशत हिस्सा पंचायतों को मिले तो गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और शिक्षा, रोजगार व विकास के नए द्वार खुलेंगे। आजादी के बाद जो परिवर्तन ग्रामीण शिक्षा में होने चाहिए थे, वे नहीं हुए, परिणामस्वरूप गांव खाली हो रहे हैं और संस्कार लुप्त हो रहे हैं। युवा हल्ला बोल प्रदेश अध्यक्ष ईरा बॉस ने कहा कि ग्राम स्तर पर वित्तीय स्वायत्तता ही वास्तविक लोकतंत्र की नींव है। जनसंख्या व क्षेत्रफल के आधार पर अनिवार्य बजट पंचायतों को मिलना चाहिए। जिससे गांवों से पलायन रुकेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी एवं ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने कहा कि मूल निवास, जाति व आय प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकार ग्राम सरकार को मिलना चाहिए। इससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होगा और नागरिकों की वास्तविक पहचान सुनिश्चित हो सकेगी। संयुक्त संगठनों ने आशा व्यक्त की कि राज्यपाल की पहल से ग्रामीण स्वायत्तता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया जाएगा, जिससे गांवों का आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण संभव होगा।

दिव्य जनजागृति न्यूज पेपर प्रकाशक योगेंद्र कुमार द्वारा 168 देव नारायण मंदिर के सामने, झालाना ग्राम, मालवीय नगर, जयपुर 302017, मालिक योगेंद्र कुमार की ओर से प्रकाशित की जाती है। संपादक योगेन्द्र कुमार द्वारा संपादित की जाती है और महारानी प्रिंटिंग प्रेस,17 वैष्णो देवी नगर कालवाड़ रोड, जयपुर पर योगेंद्र कुमार द्वारा मुद्रित की जाती है। पी.आर.बी. एक्ट तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। मो.09252812431